कम्प्यूटर आई०डी० नं० : 52931

# लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

| प्रेषक :– | सेवा में, |
|---|---|
| **अधिशासी अभियन्ता,**<br>**मानचित्र सेल**<br>लखनऊ विकास प्राधिकरण,<br>नवीन भवन, विपिन खण्ड,<br>गोमती नगर, लखनऊ। | **मेसर्स आर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स, प्रा०लि०,**<br>2/169, विवेक खण्ड, गोमती नगर,<br>लखनऊ। |
| **संख्या** : 52/AA-आवासीय सेल | |
| **दिनांक** : 26-10-17 | **नत्थी**:.............................................. |

**–: विषय :–**

**खसरा संख्याः 114स, ग्राम–टेराखास, सतरिक रोड, लखनऊ पर प्रस्तुत प्रस्तावित समूह आवास निर्माण सम्बन्धी मानचित्र के सम्बंध में।**

महोदय,

कृपया आप द्वारा उपर्युक्त भूखण्ड पर प्रस्तुत तलपट मानचित्र प्रस्ताव को तकनीकी समिति की बैठक दिनांक 30.06.2017 द्वारा प्रदत्त स्वीकृत के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र सं0–380/ए0ए0, मानचित्र सेल/17 दिनांक 07.07.2017 के माध्यम से वांछित शुल्कों को प्राधिकरण खाते में जमा करने एवं आन्तरिक विकास कार्य सम्बन्धी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा अन्य अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु सूचित कराया गया था, जिसके क्रम में आप द्वारा आन्तरिक विकास कार्य सम्बन्धी प्रस्तुत प्रोजेक्ट रिपोर्ट की जांच मुख्य अभियंता कार्यालय से करायी गयी। तत्क्रम में वर्तमान में प्रश्नगत तलपट मानचित्र के सम्बन्ध में प्राधिकरण खाते में जमा कराये जाने वाले शुल्कों एवं प्रस्तुत किये जाने वाले अभिलेखों का विवरण निम्नवत् है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बार शुल्क | : | भूखण्ड परिसर के अन्तर्गत समस्त निर्माण सामग्री रखने हेतु अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करने पर अम्बार शुल्क देय नही है। |
| 2. | निरीक्षण शुल्क | : | Rs. 2,40,000.00 |
| 3. | बन्धा शुल्क | : | Rs. 44,79,700.00 |
| 4. | शेल्टर फीस | : | Rs. 69,19,500.00 |
| 5. | वाह्य विकास शुल्क | : | Rs. 1,25,76,200.00 |
| 6. | लेबर सेस | : | Rs. 23,48,500.00 |
| 7. | आन्तरिक विकास शुल्क – | | |
| (I) | आगणित धनराशि Rs. 10505400 का 1% निरीक्षण शुल्क | : | Rs. 1,05,055.00 |
| (II) | आगणित धनराशि Rs. 10505400 का 50% बैंक गारण्टी | : | Rs. 5252720.00 |

अतः उपरोक्तानुसार वांछित शुल्कों को प्राधिकरण कोष में जमा कर चालान की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करने के साथ–साथ आन्तरिक विकास कार्य सम्बन्धी बैंक गारण्टी, वांछित विभाग यथा रेलवे विभाग एवं एस0पी0 यातायात की अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा एम0टेक0 (स्ट्रक्चरल इंजीनियर) का सेफ्टी प्रमाण, ड्राइंग डिजाईन पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही सम्पादित कराया जाना सम्भव हो सके।

26.x.17

(राहुल श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियंता,
मानचित्र सेल